कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री सौभाग सिंह , निवासी म.नं0 245 आमागढ वेदपुरी, सोनी स्टोन के पीछे, दिल्ली बाईपास, शीतला माता मंदिर के सामने, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण

अपील संख्या 04/2023

निर्णय दिनांक 17.02.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लवाण को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/ 2023/154 दिनांक 1901.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लवाण ने पत्र कमांकः भू0अ0/ 2023/196 दिनांक 02.02.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना पत्र कमांक:195 दिनांक 2.2.2023 के द्वारा रजिस्टर्ड डाक से भिजवाई जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर,दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:49:07 IST
Reason: SelfAttested